AMAR UJALA

Page No. 06 (Gzb.) Date. 22nd Sep 2019

यूनीनव सोसायटी में चिकित्सा कैंप आज

अपराजिता 100 MILLION SMILES

गाजियाबाद। अमर उजाला अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत रविवार को राजनगर एक्सटेंशन स्थित यूनीनव हाइट्स में चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। सुबह साढ़े नौ बजे से आयोजित होने वाले शिविर में आप निशुल्क स्वास्थ्य की और दांतों की जांच करा सकते हैं। आईटीएस डेंटल कॉलेज के सहयोग से होने वाले शिविर में दांतों के अंदर सड़न, गलन, पीलापन सहित अन्य बीमारियों का इलाज चिकित्सक करेंगे। शिविर दोपहर ढाई बजे तक चलेगा। ऐसे में आप सभी भी चिकित्सा शिविर में आकर निशुल्क उपचार एवं सलाह ले सकते हैं।

AMAR UJALA

Page No. 05 (Gzb.) Date. 23rd Sep 2019

शिविर में 100 से ज्यादा लोगों ने कराई जांच

माई सिटी रिपोर्टर

गाजियाबाद। अमर उजाला के अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत रविवार को राजनगर एक्स्टेंशन स्थित यूनिनव हाईटस सोसायटी में आईटीएस द्वारा हेल्थ कैंप का आयोजन किया। इसमें महिलाओं सहित बच्चों के भी दांतों व आंखों की जांच के साथ फिजियोथैरेपी के टिप्स भी दिए गए।

हेल्थ कैंप में लगभग 100 से ज्यादा लोग आए थे, जिसमें 70 लोगों ने दांतों की जांच कराई और 30 से ज्यादा मरीजों को फिजियोथैरेपी के टिप्स दिए गए। 10 से ज्यादा मरीजों के दांतों की सफाई की गई। इसके अलावा अधिक बच्चों के दांतों की सफाई की हुई, जिसमें से कई बच्चों के दांतों में कैविटी पाई गई। इनमें से कई बच्चों के दांतों में फ्लूराइड एप्लिकेशन किया गया, जिससे आगे उनके दांतों में कैविटी की समस्या न हो। इसके अलावा छह लोगों के दांतों में मसाला भरा गया। डॉ अनुभव शर्मा के नेतृत्व में पूरी टीम ने मरीजों की जांच की।

आईटीएस कॉलेज द्वारा कैंप में जांच कराते लोग।

सोसायटी में फ्री हेल्थ कैंप लगने से काफी लोगों ने चेकअप कराया। इससे लोगों को दांतों में हो रही बीमारियों के बारे में पता चल सका। अमर उजाला और आईटीएस कॉलेज की पहल की सभी ने सराहना की। - **पूजा**

दांतों के साथ-साथ कमर की समस्या भी रहती है, जिसको मैंने आज निशुल्क शिविर में दिखाया। दांतों की सफाई कराने के बाद फिजियोथैरेपी के टिप्स भी डाक्टरों से लिए। शिविर का काफी लाभ मिला। - **मीनाक्षी**